# एक बार फिर बेगुनाहों के खून से नहाया हाईवे

## गुरुवार की सुबह इंदौर-भोपाल हाईवे पर खड़े कंटेनर से भिड़ी कार, हादसे में बुआ-भतीजे की दर्दनाक मौत

- महू से भोपाल कार से जा रहा था नीमा परिवार
- कोतवाली पुलिस ने आरोपी चालक पर मामला दर्ज किया

नवभारत न्यूज

**सीहोर 27 नवंबर. भोपाल-इंदौर हाईवे गुरुवार की सुबह एक बार फिर बेगुनाह यात्रियों के खून से रंगा गया. दरबार ढाबे के नजदीक अल सुबह सड़क किनारे खड़े कंटेनर से तेज रफ्तार कार जा भिड़ी. इस हादसे में कार में सवार एक महिला व युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया है.**

गुरुवार सुबह इंदौर-भोपाल बायपास पर एक सड़क हादसे में एक युवक और एक महिला की मौत हो गई. जबकि तीन लोग घायल हो गए. हादसा इतना भयानक था कि तेज रफ्तार से आ रही कार सड़क किनारे खड़े कंटेनर में पीछे से टक्कर मारते हुए कंटेनर में घुस गई. जिससे कार का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया. जैक की मदद से किसी तरह कंटेनर को ऊपर उठाकर कार को निकाला जा सका. यह हादसा सुबह 6 बजे हुआ. प्रारंभिक जांच में सामने आ रहा है कि कोहरे की वजह से तेज रफ्तार से आ रही कार के चालक को कंटेनर नहीं दिखा और कार कंटेनर से टकरा गई.



सीहोर. स्टेट हाईवे पर गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में कंटेनर से भिड़ी कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई थी.

पुलिस के अनुसार नीमा परिवार एक शादी समारोह में शामिल होकर महू से वापस लौट रहा था. सुबह करीब 6 बजे जब कोहरे की धुंध के बीच तेज रफ्तार से आ रही कार बायपास स्थित ढाबे के पास सड़क किनारे खड़े एक कंटेनर में पीछे से टकरा गई. इस हादसे में कार में सवार 56 वर्षीय संध्या नेमा और 28 वर्षीय मृदंग नेमा की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि सुनील नीमा 60 वर्ष, संजीव नीमा 45 वर्ष और मीनल नीमा 40 वर्ष गंभीर रूप से घायल हैं. इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर कर दिया गया.सड़क किनारे यह हादसा जिसने भी देखा वह दहल उठा. कार का अगला हिस्सा कंटेनर के नीचे घुस गया था. जिससे वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी. किसी तरह लोगों ने घायलों को बाहर निकाला. इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जैक से कंटेनर का पिछला हिस्सा ऊपर उठाया तब कहीं जाकर कार को पीछे खींचा जा सका. बताया जाता है कि भोपाल की ओर जा रहे कंटेनर में कुछ तकनीकी खराबी आ गई गई थी, जिसके कारण कंटेनर के चालक ने उसे सड़क किनारे खड़ा कर दिया था, लेकिन किनारे पर जगह कम होने के कारण कंटेनर का कुछ हिस्सा रोड पर आ गया था. जिसके कारण कार कंटेनर में पीछे से टकरा गई. पुलिस ने कंटेनर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

### देर रात में महू से रवाना हुए थे

गौरतलब है कि भोपाल निवासी संजीव नीमा एसबीआई में एजीएम के रूप में पदस्थ हैं. गुरुवार सुबह इन्हें ड्यूटी ज्वाइन करना थी. वह उदयपुर के विवाह समारोह से लौट रहे थे. महू में भी एक शादी-समारोह में शामिल होकर रात करीब 2 बजे वे महू से भोपाल के लिए निकले थे. सुबह करीब 6 बजे सीहोर बायपास पर ढाबे के सामने खड़े एक कंट्रेनर से उनकी कार टकरा गई. इस हादसे में संजीव के बेटे मृदंग नीमा और उनकी बहन संध्या नीमा की दुर्घटना में मौत हुई है. संजीव, उनकी पत्नी मीनल और बहनोई सुनील नीमा को भोपाल रैफर किया गया है.

### ट्राली से जा भिड़ा बाइक चालक, एक की मौत, एक गंभीर

गुरुवार की शाम एक अन्य हादसा मंडी थानातंर्गत भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम फूलमोगरा के समीप घटित हो गया. बताया जाता है कि आष्टा थाना क्षेत्र के ग्राम इस्लामपुरा निवासी सादिक खां आ. शब्बीर खां अपने साथी फाजिल के साथ सीहोर से आष्टा की ओर जा रहा था. बताया जाता है कि भोपाल- इंदौर हाईवे स्थित ग्राम फूलमोगरा जोड़ के समीप आगे जा रही ट्रैक्टर- ट्राली के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिससे बाइक ट्राली से जा भिड़ी. इस हादसे में बाइक चालक सादिक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि फाजिल गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना के बाद ट्रैक्टर- ट्राली चालक मौके से फरार हो गया था. सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने घायल फाजिल को अस्पताल भेजा है.

## दुग्ध संघ ने निभाया मामा का फर्ज



**सीहोर.** भोपाल दुग्ध संघ ने भी समिति से जुड़े हुए लोगों के लिए भोपाल दुग्ध संघ ने मायरा (भात) योजना शुरू की है. इस योजना के तहत दुग्ध संघ से जुड़े परिवारों के यहां विवाह आयोजनों में दुग्ध संघ के अधिकारी और सदस्य शामिल होकर मामा का फर्ज निभाते हुए विवाह के एक दिन पूर्व मायरा परंपरा को निभा रहे है. इसी के तहत गुरुवार को सहकारी दुग्ध समिति के ग्राम कचनारिया निवासी किसान कैलाश बरेठा की पुत्री निकिता बरेठा के विवाह मंडप कार्यक्रम में भोपाल दुग्ध संघ के पदाधिकारी और समिति के सदस्य शामिल हुए. जहां पर समिति के जिला नोडल अधिकारी कृपाल सिंह दुगरिया, पर्यवेक्षक मूलचंद वर्मा, पर्यवेक्षक पंकज गौर, गोविंद शर्मा, मुंगावली समिति के सचिव जगदीश वर्मा, धनखेड़ी समिति सचिव मनोहर वर्मा, दुग्ध समिति कचनारिया के अध्यक्ष दिनेश राठौर, सचिव मुकेश कुमार बरेठा मामा के रूप में भांजी की शादी में उपस्थित हुए. मायरा योजना के तहत परंपरा निभाते हुए 11000 रुपए की नगद राशि, मायरा, फल माला और मिठाई, वस्त्र भेंट कर रस्म निभाई. इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

# वारंटी को लेने गई पुलिस से भिड़े गए ग्रामीण

### पुलिस टीम पर किया लाठी-डंडों से किया हमला

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 27 नवंबर, सं. खिलचीपुर थाना क्षेत्र के अभयपुर गांव में बुधवार शाम पुलिस और ग्रामीणों के बीच झड़प हो गई. वारंटी को पकड़ने पहुंची पचोर थाने की पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने पथराव और लाठी-डंडों से हमला कर दिया.**

इस घटना में दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया. पचोर थाने से एएसआई सुरेश मेवाड़े के नेतृत्व में एक टीम दो निजी कारों में अभयपुर पहुंची थी. टीम में वर्दीधारी और सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी शामिल थे. वे गांव से एक युवक को पकड़ने का प्रयास कर रहे थे. जब बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो कार सवार लोग धामनिया की ओर भागे. ग्रामीणों ने उनका पीछा किया और चार लोगों को पकड़ लिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ गया. ग्रामीणों ने पुलिस टीम को करीब एक घंटे तक रोके रखा. हमले में पचोर थाने के पुलिसकर्मी अरविंद गोयल और गौरव सिंह घायल हुए हैं. भीड़ ने एक कार को भी तोड़ दिया.

### ग्रामीण बोले- अपहरण समझकर मारा

ग्रामीणों का आरोप है कि पुरसिंह सौंधिया जब मवेशियों को चारा डालकर लौट रहा था, तभी हनुमान जी के चबूतरे के पास एक कार से उतरे चार लोगों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट करने लगे. ग्रामीणों के अनुसार, उन लोगों ने अपनी पहचान नहीं बताई और न ही यह बताया कि वे युवक को किस मामले में ले जा रहे थे. गांव वालों ने इसे अपहरण की कोशिश समझा. ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पहले पास के धामनिया गांव से एक युवक गायब हो गया था, जिससे उनका शक गहरा गया. उनका कहना है कि अधिकांश पुलिसकर्मी सादे कपड़ों में थे और बिना किसी सूचना के युवक को पकड़ने की कोशिश कर रहे थे.

### फोर्स पहुंची तो भी नहीं छोड़ा

पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना मिलते ही जिलेभर से फोर्स गांव में पहुंची, लेकिन ग्रामीण पुलिस को छोड़ने के लिए तैयार नहीं थे। वे बार-बार यही कहते रहे कि ये हमारे गांव के युवक का अपहरण करने आए थे। जब गांव में बड़ी संख्या में पुलिस पहुंची, इसके बाद घायलों को खिलचीपुर अस्पताल में इलाज के लिए लेकर आया गया. दोनों घायल पुलिस कर्मियों का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

## एक नजर में

### घटयात्रा के साथ महोत्सव शुरू



**राहतगढ़ 27 नवम्बर.** गुणायतन, शंकासमाधान विद्या प्रमाण गुरुकुलम् के प्रणेता मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में पंचकल्याणक महामहोत्सव की शुरुआत घटयात्रा एवं ध्वजारोहण के साथ हुई. गंजमंदिर से शुरू हुई घटयात्रा में इंद्राणिया एक ही ड्रेस कोड में सिर पर कलश लिए हुए चल रही थी वहीं रथयात्रा में पंचकल्याणक महोत्सव के प्रमुख पात्र अपनी पटरानियों के साथ रथ पर बैठे हुये थे. पांच चांदी की पालकियों में श्रीजी विराजमान थे जिन्हें मुख्य पात्र अपने कांधे पर उठाकर चल रहे थे. घटयात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई कार्यक्रम स्थल अयोध्या नगरी मधुवन गार्डन के पहुंची जहां ध्वजारोहण के बाद मंडप उद्घाटन किया गया. श्रीजी का अभिषेक एवं मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज के मुखारविंद से शांतिधारा हुई. मुनिश्री ने कहा कि शिल्पकार ने पत्थर को तराशकर मूर्ति का रुप प्रदान तो कर दिया लेकिन उस मूर्ति को भगवान बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो रही है, इस प्रक्रिया का नाम ही पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव है जिसमें गर्भ, जन्म, तप, कैवल्यज्ञान तथा मोक्ष तक की यात्रा एक एक करके आपके सामने आएेगी और आप लोग देखेंगे कि किस प्रकार पाषाण से बनी मूर्ती भगवान बन गई. मुनिश्री ने कहा कि हम सब पत्थर के समान है हमारे अंदर भी भगवान विराजमान है, आवश्यकता है उसे उदघाटित करने की. उन्होंने कहा कि पंचकल्याणक की इस साधना यात्रा में आप देखेंगे कि कैसे पतित से पावन बना जाता है, कैसे पामर से परमेश्वर बना जाता है.

### बेटे ने मां के सिर पर पटका सिलबट्टा, मौत

**बैतूल, 27 नवंबर.** आठनेर थाना क्षेत्र के ग्राम डूडर में एक बेटे ने मामूली विवाद के बाद अपनी मां की सिलबट्टा पटककर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार शाम की है। आरोपी बेटे ने गुस्से में आकर घर में रखे पत्थर के सिलबट्टे से मां पर कई वार किए, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार, ग्राम डूडर निवासी मंगेबाई उइके अपने बेटे दिलीप उइके (35) के साथ घर में थीं। बताया जा रहा है कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में दिलीप ने पहले मां को धक्का दिया और फिर घर में रखा सिलबट्टा उठाकर उन पर कई बार वार किया। गंभीर चोटों के कारण महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद बेटा फरार हो गया। कुछ देर बाद जब रिश्तेदार युवराज इवने घर पहुंचे, तो उन्होंने मंगेबाई को खून से लथपथ पड़ा देखा। सूचना मिलते ही आठनेर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# हाईवे पर बस और ट्रैक्टर में भिड़ंत, चार घायल

## दुर्घटना में बस में सवार 30 यात्रियों को आई हल्की चोट

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर/पड़ाना 27 नवम्बर, सं. सारंगपुर से करीब 5 किमी दूर मऊ-पड़ाना के यहां धनौरा के समीप हाईवे पर गुरुवार की सुबह बस और ट्रेक्टर ट्रॉली के बीच जोर की भिड़ंत हो गई.**

दुर्घटना में बस और ट्रेक्टर के चालक को गंभीर चोट आई है. बस में सवार 30 यात्रियों को हल्की चोट आने के साथ ही ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार लोगों को भी चोट आई है.जानकारी के अनुसार ग्वालियर से इंदौर जा रही यात्री बस और ट्रेक्टर के बीच हाईवे पर मऊ-पड़ाना के यहां धनोरा के निकट जोर की भिड़ंत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढलान पर पीछे से आ रही बस ट्रेक्टर ट्रॉली से जा भिड़ी. घटना गुरुवार की सुबह की है. दुर्घटना में बस और ट्रेक्टर के चालक को गंभीर चोट आना बताया जाता है. साथ ही बस और ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार लोगों को भी चोट आई. घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका उपचार किया गया.

**सोयाबीन बेचने जा रहे थे सारंगपुर-** ट्रेक्टर ट्रॉली में सवार ग्रामीणजन सोयाबीन लेकर सारंगपुर कृषि मंडी में बेचने जा रहे थे.

### निर्माणाधीन मकान से 36 पेटी अवैध शराब जब्त

**सागर.** जिले बंडा थाना अंतर्गत पठार मोहल्ला स्थित आरोपी टिंकू उर्फ राजबहादुर लोधी के निर्माणाधीन मकान पर दबिश दी. जहां तलघर में भारी मात्रा में अवैध शराब छिपाकर रखी मिली. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मौके पर 36 पेटी गोवा व्हिस्की, कुल 326 लीटर, जिसकी कीमत लगभग 2,30,400/- बताई जा रही है, को विधिवत जप्त करके आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया है. आरोपी फरार है, जिसकी तलाश जारी है. कार्रवाई में निरीक्षक अंजली उदैनिया, उप निरीक्षक आदिल खान, प्रधान आरक्षक भोलानाथ यादव, रमेश रैकवार का विशेष योगदान रहा.

# दुष्कर्मी को फांसी देने की मांग को लेकर रहा नगर बंद

- विहिप-बजरंग दल ने किया था नगर बंद का आव्हान
- नागरिकों ने रैली निकालकर सौंपा प्रशासन को ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**बुधनी 27 नवंबर.** गौहरगंज में 6 वर्ष की मासूम बच्ची से दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना के 80 घंटे बाद भी आरोपी सलमान उर्फ नज़र पुलिस गिरफ्त से बाहर है. विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और सकल हिंदू समाज के आव्हान पर गुरुवार को बुधनी में नगर बंद का व्यापक प्रभाव देखने को मिला.

दोपहर में संगठनों ने विशाल रैली निकालकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोरतम दंड की मांग की. हिंदू संगठनों के आव्हान पर बुधनी में सुबह से ही बंद का असर देखने को मिला. मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, गलियों और चौक-चौराहों पर दुकानें बंद रहीं. नागरिकों ने बंद में स्वस्फूर्त भागीदारी की, जिससे बंद पूर्णतः सफल रहा. दोपहर में विहिप बजरंग दल और सकल हिंदू समाज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में नागरिक एकत्र हुए. रैली जय घोष और विरोध नारों के साथ मुख्य मार्गों से होकर तहसील कार्यालय पहुंची. जहां एसडीएम डी.एस. तोमर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में आरोपी की तुरंत गिरफ्तारी, सक्षम अदालत में फास्ट-ट्रैक ट्रायल और कठोरतम सजा की मांग की गई.




### मुस्लिम समाज ने भी घटना का विरोध कर सौंपा ज्ञापन

गौहरगंज घटना को लेकर बुधनी के मुस्लिम समुदाय ने भी विरोध दर्ज कराते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. मुस्लिम समुदाय ने कहा कि निर्दोष 6 वर्षीय बच्ची के साथ हुई यह घटना अमानवीय है. इसे अंजाम देने वाले आरोपी को कठोर से कठोर दंड दिया जाना चाहिए. उन्होंने आरोपी को शीघ्र पकड़ते हुए उसे कठोर सजा देने की मांग प्रशासन से की है.

# महंत ने जहर खाकर जान दी, ग्रामवासियों ने शव रख कर एनएच पर लगाया जाम

नवभारत न्यूज

**बंडा 27 नवम्बर. सागर-शाहगढ़ मार्ग पर छानबीला थाना अंतर्गत रूरावन जानकी रमण मंदिर के महंत ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली. शव के पोस्टमार्टम के बाद ग्रामवासियों ने एनएच पर जाम लगा दिया जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहा.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम रूरावन में श्री जानकी रमन मंदिर में महंत ने सल्फास की गोलियां खाकर आत्महत्या कर ली. पोस्टमार्टम के बाद ग्राम वासियों द्वारा गांव में ही फोरलाइन पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया. प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत रूरावन के अलावा भीमकुंड जिला छतरपुर थाना बजाना आश्रम में भी महंत के रूप में आसींन थे वहां पर कई वर्षों से कई पदों पर रह चुके हैं, पिछले दिनों पदों को लेकर वहां के सदस्य एवं महंत में अनबन चल रही थी जिस कारण किसी प्रकार के वीडियो को लेकर कमेटी के सदस्य एवं शिष्य मंडल महंत को ब्लेकमेल कर रहे थे जिस कारण महंत ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया.

थाना छानबीला पुलिस ने बताया कि सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है, जो अभी उजागर नहीं किया गया. सुसाइड नोट से महंत ने आरोप लगाया है कि कमेटी के सदस्य मुझे ब्लेकमेल कर मोटी रकम की मांग कर रहे थे जिस कारण यह कदम उठाया गया. ग्राम वासियों की मांग है कि ब्लेकमेल करने वाले आरोपियों पर मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए .प्रशासन की समझाइश पर जाम खोल दिया गया.

# स्कूल की बिल्डिंग जर्जर, हो सकती है दुर्घटना

**खास बातें**

- लगदा शासकीय हाई स्कूल में अव्यवस्थाओं का अंबार
- नहीं मिल रही सुविधायें, उपेक्षा की शिकार शाला




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 27 नवम्बर, लगदा शासकीय हाई स्कूल, जो त्योंदा तहसील मुख्यालय से मात्र 6 किलोमीटर दूर स्थित है. जिसमें छात्रों की सुरक्षा और शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाओं की घोर उपेक्षा की जा रही है.स्कूल की बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है और इसकी दीवारों और छत से प्लास्टर गिरना आम बात हो गई है. इससे कभी भी बड़ी घटना हो सकती है.**

स्कूल की बिल्डिंग की हालत इतनी खराब है कि छात्रों को अपनी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करनी पड़ रही है. बिल्डिंग की दीवारों और छत से प्लास्टर गिरने की समस्या आम हो गई है. छात्रों ने बताया कि उन्हें डर के साए में स्कूल आना पड़ता है. क्योंकि कभी भी प्लास्टर गिरने से बड़ी घटना हो सकती है.

### भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा कार्रवाई की मांग

स्कूल की बिल्डिंग में अंदर और बाहर हर जगह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा दिख रही है.जर्जर बिल्डिंग और अव्यवस्थाओं के बावजूद भी स्कूल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच रहा है. इससे साफ होता है कि स्कूल के विकास के लिए आवंटित फंड का सही तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा है.लगदा शासकीय हाई स्कूल की अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता है. स्कूल प्रशासन को स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत और अव्यवस्थाओं को दूर करने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे. साथ ही भ्रष्टाचार की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करनी होगी.

### स्कूल प्रशासन की लापरवाही

स्कूल प्रशासन की लापरवाही का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि स्कूल की बिल्डिंग की मरम्मत के लिए ठेकेदार से बात करने के बावजूद अभी तक कुछ नहीं हुआ है.प्रिंसिपल पी एस नामदेव का कहना है कि बिल्डिंग गारंटी पीरियड में है, लेकिन इसके बावजूद भी स्कूल प्रशासन अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकता.वहीं स्कूल में बाथरूम की अव्यवस्था भी गंभीर समस्या है.बाथरूम के अंदर इतनी गंदगी है कि कोई अंदर नहीं जा सकता. बच्चों को बाथरूम के लिए बाहर जाना पड़ता है, जो उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरनाक हो सकता है.

**बैठक** नरसिंहगढ़ में जिला बैठक के दौरान एसआईआर पर बोले, 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा विपक्ष के आरोप तर्कहीन

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 27 नवंबर, सं.** गुरुवार को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त खण्डेरवाल नरसिंहगढ़ पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. सोनाकुंज होटल में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में उन्होंने विशेष उपस्थिति दर्ज कराई. विधायक मोहन शर्मा के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया. प्रदेशाध्यक्ष के स्वागत में कार्यकर्ता पीलूखेड़ी पहुंचे, जहां दर्जनों जेसीबी व वाहनों से पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया. पूरे मार्ग में स्थान-स्थान पर कार्यकर्ताओं ने अगवानी कर उत्साह प्रकट किया. हजारों वाहनों के काफिले के साथ सोनाकुंज पहुचे प्रदेशाध्यक्ष ने बैठक को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती और स्वस्थ लोकतंत्र के लिए एसआईआर प्रक्रिया को जरूरी बताया. मीडिया से चर्चा में उन्होंने एसआईआर को लेकर कांग्रेस के आरोपों पर भी अपनी बात रखी और विपक्ष द्वारा किए जा रहे दावों को राजनीतिक मुद्दा बताते हुए उन्हें तथ्यहीन करार दिया. साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओ को भी पार्टी संघटन की रीति नीति से अवगत कराया. इस अवसर पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल, जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, विधायक अमर सिंह यादव, हजारीलाल दांगी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे. करीब 150 सदस्यों की इस जिला बैठक में पार्टी संगठन, आगामी कार्यक्रमों और रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई.



### पीलूखेड़ी में जोरदार स्वागत

**नवभारत न्यूज, पीलूखेड़ी 27 नवंबर, सं.** आज सुबह 11 पीलूखेड़ी में प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के स्वागत के लिए रोड पर सैकड़ो की तादाद में कार्यकर्ता की भीड़ लगी रही प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर जेसीबी के ऊपर से फूल बरसाए गए. विधायक मोहन शर्मा द्वारा स्टेज पर सपा बांधकर स्वागत किया गया वहीं पर जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा स्वागत किया गया एवं राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव द्वारा भी स्वागत किया गया इस मौके पर कुरावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मंडल अध्यक्ष डॉ.दिनेश मंडलोई, लक्ष्मण सिंह राणा, भूपेंद्र भदोरिया,रामेश्वर नायक, मोती सिंह चौहान, नारायण सिंह पाल पीलूखेड़ी सरपंच भोला सिंह राणावत ,उप सरपंच दिनेश सिंह जाट, माखन सिंह गुर्जर, पार्षद मोहन वर्मा, इमामुद्दीन बड़नगर, लखन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे.



### बरीं ग्राम पंचायत में आदिवासी समुदाय के दो जुड़वा गांव

**बहादुरपुर.** तहसील कार्यालय से महज दो किलोमीटर दूर आदिवासी समुदाय के दो जुड़वा गांव हैं। खोपरा चक्क और सोपरा चक्क। दोनों गांवों में कुछ इस तरह का पिछड़ापन है कि पक्के मकान न दिखाई दें तो लगता है 50-60 के दशक में आ पहुंचे हों। मुख्य सड़क से एक किलोमीटर के बाद बसी इस बस्ती तक कोई पक्की या कच्ची सड़क नहीं है। गांव के जब किसी महिला को प्रसव वेदना हो तो उसे पैदल ही मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। गांवों के अंदर केवल दो सड़कें हैं। एक करीब पच्चीस वर्ष पहले पत्थरों से बनाई गई थी, एक सड़क सीसी खड़ंजा के तौर पर दस वर्ष पहले बनाई गई है। पेयजल के तौर पर पांच हैंडपंप हैं, जिनमें से एक हैंडपंप चालू स्थिति में है लेकिन वह दोनों बस्तियों से दूर एक खदान में लगा हुआ है। गांव के स्कूल के पास एक हैंडपंप भी पानी देता है, लेकिन इस हैंडपंप से दिन भर में कोई एक बर्तन ही भरा जा सकता है.